# गत परीक्षाओं के प्रश्न

# राजस्थान का एकीकरण

# व्याख्या सहित प्रश्नोत्तरी




YouTube

Instagram

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For AIL Exam's

सामान्य विज्ञान
500 - Questions
PDF डाउनलोड

राजस्थान सामान्य ज्ञान
Free - E-Book-1
For PTET-BSTC-RAS-LDC
पटवारी,वनरक्षक,ग्रामसेवक,कृषि पर्यवेक्षक

राजस्थान 360°

Install App :
Rajasthan 360

1. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय राजस्थान में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी रियासत कौनसी थी-

अ. मेवाड़

ब. मारवाड़

स. आमेर

द. अलवर

Ans. ब) सबसे छोटी रियासत- शाहपुरा, रियासतों में सबसे प्राचीन रियासत- मेवाड़ एवं सबसे नवीन झालावाड़

2. रियासतों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 'रियासत विभाग' की स्थापना की गई-

अ. 04 जनवरी, 1947 ई.

ब. 04 जनवरी, 1946 ई.

स. 05 जुलाई, 1947 ई.

द. 04 फरवरी, 1948 ई.

Ans. स)सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में| इस विभाग का सचिव VP मेनन को बनाया गया|

3. राजस्थान की रियासतों के एकीकरण का आरोही क्रम है- 1) टोंक 2) उदयपुर 3) जैसलमेर 4) अजमेर

अ. 1, 2, 3, 4

ब. 2, 3, 1, 4

स. 3, 4, 2, 1

द. 1, 3, 4, 2

Ans. अ) टोंक का विलय- 25 मार्च 1948| उदयपुर का विलय- 18 अप्रैल 1948| जैसलमेर- 30 मार्च 1949| अजमेर- 1 नवम्बर 1956 को किया गया|

4. मत्स्य संघ का उद्घाटन हुआ था-

अ. 04 जनवरी, 1947 ई.

ब. 14 जनवरी, 1948 ई.

स. 18 मार्च, 1948 ई.

द. 15 सितम्बर, 1949 ई.

Ans. स) इस संघ की राजधानी अलवर, राजप्रमुख धौलपुर के महाराजा उदयभानसिंह व प्रधानमंत्री शोभाराम कुमावत को बनाया गया|

5. राजस्थान-निर्माण के प्रथम चरण में गठित ‘मत्स्य संघ’ में सम्मिलित हुए -

अ. जयपुर और टोंक रियासतें

ब. अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली

स. कोटा एवं झालावाड़ रियासतें

द. मेवाड़ एवं अजमेर-मेरवाड़ा

Ans. ब) के.एम. मुंशी के प्रस्ताव पर ‘मत्स्य संघ’ नाम रखा|

6. 14 फरवरी 1948 को भारत सरकार ने भरतपुर प्रशासन पर अधिकार करके भरतपुर राज्य का प्रशासक किसको नियुक्त किया गया-

अ. वी.पी. मेनन

ब. शोभाराम कुमावत

स. उदयभान सिंह

द. एस.एन. सप्रू

Ans. द)

7. राजस्थान संघ का निर्माण 25 मार्च 1948 को हुआ, इसमें राजप्रमुख किसे बनाया गया ?

अ. धौलपुर के महाराजा

ब. करौली के महाराजा

स. महाराव कोटा

द. सिरोही महाराजा

Ans. स) द्वितीय चरण मे 9 रियासतों- कोटा, बूंदी, झालावाड़, बाँसवाड़ा, टोंक, प्रतापगढ़, किशनगढ़, डूंगरपुर, शाहपुरा एवं 1 ठिकाने किशनगढ़ का संघ बनाया गया| इस संघ की राजधानी- कोटा|

8. राजस्थान के एकीकरण प्रक्रिया के समय मत्स्य संघ की वार्षिक आय कितनी थी ?

अ. 290 लाख रूपये

ब. 324 लाख रूपये

स. 26 लाख रूपये

द. 184 लाख रूपये

Ans. द) मत्स्य संघ का क्षेत्रफल 12 हजार वर्ग किमी. एवं वार्षिक आय 184 लाख रूपये|

9. 25 मार्च 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का मुख्य मंत्री किसे बनाया गया ?

अ. गोकुलभाई भट्ट

ब. हीरालाल शास्त्री

स. जयनारायण व्यास

द. गोकुललाल असावा

Ans. द) (द्वितीय चरण/संयुक्त राजस्थान) इस संघ का उद्घाटन तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री एन.वी. गॉडगिल ने किया|

**10. विलय पत्र पर हस्ताक्षर करते समय किसने कहा था कि 'मैं अपने डैथ वारंट' पर हस्ताक्षर कर रहा हूँ ?**

अ. कोटा के महाराव भीमसिंह

ब. बूंदी के महाराव बहादुरसिंह

स. अलवर के महाराजा तेजसिंह

द. बाँसवाड़ा के महारावल चन्द्रवीरसिंह

**Ans. द) संघ के निर्माण के समय विलय पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए यह कहा|**

11. राजस्थान निर्माण के ट्तृतीय चरण (संयुक्त राजस्थान-II) में राज्य की राजधानी बनाया गया-

अ. जयपुर

ब. अलवर

स. कोटा

द. उदयपुर

Ans. द) तृतीय चरण में पूर्व राजस्थान में उदयपुर का 18 अप्रैल 1948 को विलय कर इसे 'संयुक्त राजस्थान' नाम दिया गया| इस संघ के राजप्रमुख उदयपुर शासक भूपालसिंह व प्रधानमंत्री माणिक्यलाल वर्मा, उद्घाटन जवाहरलाल नेहरु ने किया|

**12. वृहद् राजस्थान का उद्घाटन 30 मार्च 1949 को किसके द्वारा किया गया ?**

अ. वल्लभभाई पटेल

ब. वी. पी. मेनन

स. जवाहरलाल नेहरु

द. एन. वी. गॉडगिल

**Ans. अ) (चतुर्थ चरण/वृहद राजस्थान) इस संघ की राजधानी- जयपुर, राजप्रमुख जयपुर के महाराजा मानसिंह, महाराज प्रमुख- उदयपुर शासक भूपालसिंह, प्रधानमंत्री- हीरालाल शास्त्री को बनाया गया|**

13. 30 मार्च 1949 को गठित ‘वृहद राजस्थान’ संघ में सम्मिलित रियासतें थी-

अ. बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर

ब. जयपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़

स. जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर

द. जयपुर, बीकानेर, अजमेर, जैसलमेर

Ans. स) चतुर्थ चरण में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर एवं जैसलमेर जैसी विशाल रियासतों का संयुक्त राजस्थान में विलय कर ‘वृहद राजस्थान’ नामक संघ का निर्माण किया गया| इसी कारण 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है|

14. राजस्थान एकीकरण के चौथे चरण में 5 विभाग स्थापित किए गए थे, उनमें से गलत युग्म है-

अ. शिक्षा का विभाग – बीकानेर

ब. न्याय का विभाग – जोधपुर

स. वन एवं सहकारी विभाग - कोटा

द. कृषि विभाग - भरतपुर

इ. खनिज विभाग - जैसलमेर

Ans. इ) खनिज विभाग- उदयपुर

**15. मत्स्य संघ का कौनसा राज्य जनता के बहुमत के आधार पर उत्तरप्रदेश के साथ विलीनीकरण के लिए तैयार था ?**

अ. भरतपुर
ब. करौली
स. धौलपुर
द. अलवर

**Ans.** स) पंचम चरण के अंतर्गत एक जटिल समस्या यह थी, कि अलवर व करौली राजस्थान में विलय जबकि धौलपुर व भरतपुर उत्तरप्रदेश में मिलने की इच्छुक थी जिसके समाधान हेतु शंकरराव देव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई|

**16. मत्स्य संघ का राजस्थान में कब विलय किया गया ?**

अ. 26 जनवरी 1950

ब. 15 मई 1949

स. 25 मार्च 1948

द. 30 मार्च 1949

Ans. ब) पंचम चरण के अंतर्गत वृहत राजस्थान में 15 मई 1949 को मत्स्य संघ व नीमराना ठिकाने का विलय कर इसका नाम 'संयुक्त वृहत राजस्थान' रखा गया|

17. मत्स्य संघ को वृहत राजस्थान का हिस्सा बनाने के लिए गठित की गई समिति थी -

अ. मोहनलाल मेहता समिति

ब. हीरालाल शास्त्री समिति

स. जयनारायण व्यास समिति

द. डॉ. शंकरराव देव समिति

Ans. द) शंकरराव देव समिति की सिफारिसों पर मत्स्य संघ को वृहत राजस्थान में मिला दिया|

18. कितने सोपानों में सिरोही का राजस्थान में विलय हुआ ?

अ. एक

ब. दो

स. तीन

द. चार

Ans. ब) सिरोही का विलय दो चरणों में हुआ| सिरोही जिले का कुछ भाग 26 जनवरी 1950 को षष्टम चरण के तहत संयुक्त वृहत राजस्थान में तथा सिरोही का पुरा भाग 1 नवम्बर 1956 को सप्तम चरण के तहत राजस्थान में मिलाया गया| षष्टम चरण में संयुक्त वृहत राजस्थान संघ का नाम 'राजस्थान' कर दिया गया|

**19. राजस्थान में राजप्रमुख का पद कब समाप्त हुआ ?**

अ. 1 नवम्बर 1956

ब. 25 जनवरी 1950

स. 15 मई 1956

द. 18 अप्रैल 1948

Ans. अ) संविधान के 7वें संशोधन विधेयक 1956 के तहत सभी राज्यों में ए,बी.सी, श्रेणी का भेदभाव समाप्त किया गया| और उनको राज्य व केन्द्रशासित प्रदेश बना दिया गया|

20. राजपूताना के भौगोलिक क्षेत्र को राजस्थान नाम दिया गया ?

अ. 26 जनवरी 1949

ब. 25 मार्च 1948

स. 1 नवम्बर 1956

द. 26 जनवरी 1950

Ans. द)

**21. किस संविधान संशोधन अधिनियम ने राजस्थान में राजप्रमुख संस्था का लोप किया?**

अ. छठा संविधान संशोधन अधिनियम

ब. सातवाँ संविधान संशोधन अधिनियम

स. पांचवां संविधान संशोधन अधिनियम

द. नौवाँ संविधान संशोधन अधिनियम

**Ans. ब) 1 नवम्बर 1956 से पहले राजस्थान राज्य के प्रमुख- राजप्रमुख के नाम से जाने जाते थे| 1 नवम्बर 1956 से राजप्रमुख के स्थान पर राज्यपाल का पद सृजित किया गया|**

**22. राजस्थान राज्य का वर्तमान स्वरूप जिस तारीख से है, वह है-**

अ. 15 अगस्त 1947

ब. 30 मार्च 1949

स. 26 जनवरी 1950

द. 1 नवम्बर 1956

**Ans. द) सप्तम चरण के अंतर्गत राजस्थान अपने वर्तमान स्वरूप में आया| 1 नवम्बर 1956 को केन्द्रशासित सिरोही का पुरा भाग, अजमेर-मेरवाड़ा,टॉडगढ़, सुनेल टप्पा (जो कि MP के मंदसौर जिले का भाग था) राजस्थान में मिलाया गया| तथा झालावाड़ जिले का एक भाग सिरोज क्षेत्र मध्यप्रदेश को दिया गया|**

**23. भारत सरकार ने 5 जनवरी 1949 को सिरोही का प्रशासन .... सरकार को सौंपा -**

अ. मध्यप्रदेश

ब. बम्बई

स. गुजरात

द. राजस्थान

**Ans. ब) सिरोही राज्य का शासक अल्पवयस्क होने के कारण शासन राजमाता के नेतृत्व में प्रबंध रीजेंसी कौंसिल द्वारा किया जाता है|**

**24. दो नेत्रों के विलय के साथ 1956 में राजस्थान का एकीकरण पूर्ण हुआ, वे थे -**

अ. झालावाड़ एवं कोटा

ब. आबू रोड़-देलवाड़ा एवं अजमेर

स. अलवर एवं भरतपुर

द. उदयपुर एवं डूंगरपुर

**Ans. ब)**

25. किसकी सिफारिसों के आधार पर आबू एवं देलवाड़ा तहसील को राजस्थान में मिलाया गया-

अ. फजल अली

ब. गोकुलभाई भट्ट

स. गुरुमुख निहालसिंह

द. सरदार वल्लभभाई पटेल

Ans. अ)

26. किसने माउन्ट आबू के राजस्थान में विलय में महत्वपूर्ण योगदान दिया ?

अ. हीरालाल शास्त्री

ब. सिद्धराज ढडढा

स. गोकुल भाई भट्ट

द. विश्वमोहन भट्ट

Ans. स) सिरोही के स्वतंत्रता सेनानी थे|

**27. राजस्थान में अजमेर के विलय के समय वहां का मुख्यमंत्री कौन थे ?**

अ. हरविलास शारदा
ब. बालकृष्ण कौल
स. हरिभाऊ उपाध्याय
द. हीरालाल शास्त्री

**Ans. स) अजमेर-मेरवाड़ा का प्रथम व एक मात्र मुख्यमंत्री हरिभाऊ उपाध्याय था| अजमेर-मेरवाड़ा का राजस्थान में विलय 1 नवम्बर 1956 (सप्तम चरण में) को हुआ|**

28. एकीकरण के समय किस मारवाड़ नरेश ने पाकिस्तान में मिलने का प्रयास किया ?

अ. हनुवंतसिंह

ब. उम्मेदसिंह

स. जसवंतसिंह

द. इनमें से नहीं

Ans. अ) रियासतों के एकीकरण के समय जोधपुर राज्य का महाराजा हनुवंतसिंह थे| टोंक रियासत भी पाकिस्तान में मिलने की इच्छुक थी|

29. आजादी के बाद जोधपुर के कौनसे शासक अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई रखना चाहते थे ?

अ. महाराजा उम्मेदसिंह

ब. महाराजा भीमसिंह

स. महाराजा भूपालसिंह

द. इनमें से कोई नहीं

Ans. द) महाराजा हनुवंतसिंह |

**30. भारत संघ अधिमिलन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले राजस्थान के प्रथम शासक थे ?**

अ. जोधपुर के महाराजा हनुवंतसिंह

ब. धौलपुर के उदयभान सिंह

स. बीकानेर के सार्दुलसिंह-।

द. किशनगढ़ के महाराज सुमेरसिंह

**Ans. स) 7 अगस्त 1947 को महाराजा सार्दुलसिंह ने सम्मिलित पत्र पर हस्ताक्षर किए|**

**31. राजस्थान की सभी रियासतों को मिलाकर 'राजस्थान यूनियन' का गठन करने हेतु 25-26 जून 1946 को राजपूताना, गुजरात व मालवा के नरेशों का सम्मेलन किसने बुलाया -**

अ. मेवाड़ महाराणा
ब. जयपुर महाराजा
स. कोटा महाराव
द. डूंगरपुर महारावल

**Ans. अ) मेवाड़ महाराणा भूपालसिंह ने छोटे-बड़े राज्यों को मिलाकर एक बड़ी इकाई 'राजस्थान यूनियन' बनाने के उद्देश्य से 25-26 जून 1946 को उदयपुर में राजाओं का सम्मेलन आयोजित किया|**

32. राजस्थान की वह रियासत जिसने बाद में अधिमिलन पत्र पर हस्ताक्षर किये ?

अ. करौली

ब. भरतपुर

स. अलवर

द. धौलपुर

Ans. द) जब धौलपुर महाराणा को पता चला कि जोधपुर तथा भोपाल के शासकों ने अधिमिलन पत्र पर हस्ताक्षर करे दिए तो उसने भी 14 अगस्त 1947 को भारत में विलय को स्वीकार कर लिया|

33. नव राजस्थान के एकीकरण में राजधानी के मुद्दे को हल करने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया था जिसके अध्यक्ष थे ?

अ. ले. कर्नल टी.सी. पुरी

ब. बी. पी. मेनन

स. बी. आर. पटेल

द. शंकर राव देव

Ans. स)

**34. राजस्थान के राजनैतिक एकीकरण की प्रक्रिया में कुल कितना समय लगा ?**

अ. 7 वर्ष 8 माह 15 दिन

ब. 8 वर्ष 7 माह 14 दिन

स. 5 वर्ष 5 माह 27 दिन

द. 8 वर्ष 8 माह 17 दिन

**Ans. ब) राजस्थान का एकीकरण कुल 7 चरणों में पूर्ण हुआ|**

**35. राजस्थान की किस रियासत को पं. जवाहर लाल नेहरु ने विश्व का आठवाँ आश्चर्य कहा था?**

अ. झालावाड़

ब. कोटा

स. जैसलमेर

द. बीकानेर

**Ans. स)**

36. दक्षिणी राजपूताना के छोटे राज्यों को एकीकृत करने के लिए किसने 'हाडौती संघ' बनाने का प्रस्ताव दिया ?

अ. एन. बी. गोडगिल

ब. महाराव भीमसिंह (कोटा)

स. महाराव बहादुरसिंह (बूंदी)

द. गोकुल लाल असावा

Ans. ब)

**Wisit Website**

**www.rajasthanclasses.in**

# प्रजामण्डल आंदोलन

## व्याख्या सहित प्रश्नोत्तरी

1. निम्नांकित में से प्रजामंडलों का मुख्य उद्देश्य था -

अ. शासकों की सत्ता समाप्त करना

ब. ब्रिटिश राज्य का अंत

स. नागरिकों के अधिकारों के लिए संघर्ष

द. कुरीतियाँ नष्ट करना

Ans. स) राजपूताना के जयपुर रियासत में आजाद मोर्चे की स्थापना हुई|

**2. राजस्थान का प्रथम प्रजामंडल था-**

अ. जयपुर प्रजामंडल

ब. मारवाड़ प्रजामंडल

स. भरतपुर प्रजामंडल

द. मेवाड़ प्रजामंडल

**Ans. अ) कर्पूरचंद पाटनी की अध्यक्षता में 1931 में जयपुर प्रजामंडल गठित हुआ| लेकिन मृतप्राय रहा, चिरंजीलाल मिश्रा की अध्यक्षता में पुनर्गठित (1936-37) 1938 में जमनालाल बजाज अध्यक्ष बने|**

**3. उस नेता को पहचानिए जो जयपुर प्रजामंडल में सक्रिय नहीं था-**

अ. रामकरण जोशी

ब. दौलतमल भंडारी

स. प्रयागराज भंडारी

द. देवीशंकर तिवाड़ी

Ans. स) भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान जयपुर प्रजामंडल के अध्यक्ष हीरालाल शास्त्री थे| भारत छोड़ो आन्दोलन के संचालन हेतु 'आजाद मोर्चा' का गठन बाबा हरिश्चंद्र ने किया|

4. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान जेंटलमैन एग्रीमेंट किन के मध्य सम्पन्न हुआ था-

अ. मिर्जा इस्माइल और रामकरण जोशी

ब. के.एम. मुंशी और जयनारायण व्यास

स. क.एम. मुंशी और माणिक्यलाल वर्मा

द. मिर्जा इस्माइल और हीरालाल शास्त्री

Ans. द) सितम्बर 1942 ई. में जयपुर के प्रधानमंत्री मिर्जा इस्माइल और जयपुर प्रजामंडल के अध्यक्ष हीरालाल शास्त्री के मध्य समझौता हुआ|

**5. 1938 में करौली प्रजामंडल की स्थापना किसने की थी ?**

अ. ठाकुर पूरणसिंह

ब. हुक्म चंद

स. नारायण सिंह

द. त्रिलोक चंद माथुर

**Ans. द) राज्य सेवक संघ के अध्यक्ष मुंशी त्रिलोकचंद माथुर की अध्यक्षता में|त्रिलोक चंद माथुर ने इससे पूर्व 1938 में प्रांतीय कांग्रेस कमेटी, अजमेर की शाखा करौली में स्थापित की|**

## 6. बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना किस वर्ष में हुई -

अ. 1931

ब. 1933

स. 1934

द. 1936

Ans. द) [4 अक्टूबर 1936] पं. मघाराम वैद्य की अध्यक्षता में गठित| जिसमे भिक्षालाल बोहरा, सुरेन्द्रकुमार शर्मा, शेराराम एवं लक्ष्मणदास सहयोगी रहे|

7. निम्न में से कौनसा युग्म सही नहीं है-

अ. जैसलमेर प्रजामंडल : मीठालाल व्यास

ब. डूंगरपुर प्रजामंडल : भोगीलाल पांड्या

स. बीकानेर प्रजामंडल : जयनारायण व्यास

द. झालावाड़ प्रजामंडल : कन्हैयालाल मित्तल

Ans. स) जैसलमेर- 1945 में, डूंगरपुर- 1944, झालावाड़- 1946 में|

8. “काँगड़ काण्ड” किस प्रजामंडल आन्दोलन के दौरान घटित हुआ ?

अ. झालावाड़ प्रजामंडल

ब. जयपुर प्रजामंडल

स. बीकानेर प्रजामंडल

द. कोटा प्रजामंडल

Ans. स) बीकानेर के किसान आन्दोलन के इतिहास की अंतिम व महत्वपूर्ण घटना थी| बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना 1936 में मघाराम वैद्य ने कलकता में की|

**9. 1938 ई. में स्थापित मेवाड़ प्रजामंडल का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?**

अ. बलवंतसिंह मेहता

ब. माणिक्यलाल वर्मा

स. भूरेलाल बया

द. मोहनलाल सुखाड़िया

Ans. अ) माणिक्यलाल वर्मा के प्रयासों से उदयपुर में (24 अप्रैल 1938)| अध्यक्ष- बलवंतसिंह मेहता, उपाध्यक्ष- भूरेलाल बया, महामंत्री माणिक्यलाल वर्मा बने|

10. मेवाड़ प्रजामंडल के प्रमुख नेता, जिन्हें भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान 21 अगस्त 1942 को गिरफ्तार किया था, वे थे-

अ. माणिक्यलाल वर्मा व बलवंतसिंह मेहता

ब. मोहनलाल सुखाड़िया

स. चिरंजीलाल मिश्र एवं माणिक्यलाल वर्मा

द. ‘अ’ और ‘ब’ दोनों सही

Ans. द)

11. शाहपुरा प्रजामंडल की स्थापना की गई-

अ. 1938 ई. में

ब. 1940 ई. में

स. 1952 ई. में

द. 1935 ई. में

Ans. अ) 18 अप्रैल 1938 ई. में लादूराम व्यास एवं रमेशचन्द्र ओझा ने की|

12. हाडौती सेवा संघ का संस्थापक कौन था-

अ. मोतीलाल तेजावत

ब. अभिन्न हरि

स. रामनारायण चौधरी

द. नयनूराम शर्मा

Ans. द) हाडौती प्रजामंडल (1934) नयनूराम शर्मा द्वारा स्थापना की गई लेकिन मृतप्राय हो गई| हाडौती प्रजामंडल निष्क्रिय हो जाने पर नयनूराम शर्मा ने पं. अभिन्न हरि के साथ मिलकर 1939 में कोटा प्रजामंडल की स्थापना|

13. 31 दिसम्बर 1945 से 1 जनवरी 1946 तक उदयपुर में ऑल इंडिया स्टेट्स पीपल्स कांफ्रेंस की अध्यक्षता किसने की ?

अ. महात्मा गाँधी

ब. पं. जवाहरलाल नेहरु

स. जमनालाल बजाज

द. माणिक्यलाल वर्मा

Ans. ब)

**14. कन्हैयालाल मित्तल, मांगीलाल भव्य एवं मकबूल आलम किस प्रजामंडल से संबंधित थे-**

अ. झालावाड़ प्रजामंडल

ब. जैसलमेर प्रजामंडल

स. सिरोही प्रजामंडल

द. अलवर प्रजामंडल

**Ans. अ) झालावाड़ प्रजामंडल 25 नवम्बर 1946| मांगीलाल भव्य की अध्यक्षता में गठित| कन्हैयालाल मित्तल एवं मकबूल आलम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा|**

15. राजपूताना के किस राजघराने ने प्रजामंडल को संरक्षण दे रखा था ?

अ. जैसलमेर

ब. अलवर

स. जयपुर

द. बीकानेर

Ans. द) 1913 ई. में बीकानेर के महाराजा गंगासिंह ने बीकानेर राज्य के लिए ‘प्रतिनिधि सभा’ का गठन किया|

16. सिरोही राज्य का संस्थापक कौन था-

अ. कन्हैयालाल मित्तल

ब. भूपेंद्रनाथ त्रिवेदी

स. गोकुलभाई भट्ट

द. मीठालाल व्यास

Ans. स) सिरोही प्रजामंडल की स्थापना गोकुलभाई भट्ट द्वारा 23 जनवरी 1939 ई. को की गई|

17. किस प्रजामंडल आन्दोलन के तहत “कृष्णा दिवस” मनाया गया ?

अ. मारवाड़

ब. जयपुर

स. कोटा

द. अलवर

Ans. अ) सन् 1936 में कृष्णा दिवस मनाया गया|

18. अलवर राज्य प्रजामंडल का गठन किस वर्ष किया गया ?

अ. 1918 ई.

ब. 1919 ई.

स. 1932 ई.

द. 1938 ई.

Ans. द) अलवर प्रजामंडल की स्थापना 1938 में हरिनारायण शर्मा व कुंजबिहारी मोदी द्वारा की गई|

19. जून 1941 में अलवर प्रजामंडल द्वारा आयोजित जागीर-माफ़ी प्रजा सम्मेलन राजगढ़ का उद्घाटन किसने किया ?

अ. श्रीसत्यदेव विद्यालंकार

ब. हरिनारायण शर्मा

स. काशीराम गुप्ता

द. मास्टर भोलानाथ

Ans. अ)

20. धौलपुर प्रजामंडल की स्थापना किसने की ?

अ. कृष्णदत्त पालीवाल

ब. मास्टर आदित्येन्द्र

स. त्रिलोक चन्द्र माथुर

द. अमृतलाल पायक

Ans. अ) 1936 ई. में कृष्णदत्त पालीवाल व ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु द्वारा स्थापित|

21. करौली प्रजामंडल की स्थापना किसके द्वारा की गई ?

अ. बलवंतसिंह मेहता

ब. त्रिलोकचन्द्र माथुर

स. खूबचंद सर्राफ

द. सागर चन्द्र मेहता

Ans. ब) 1938 ई. में

22. चुन्नीलाल व अमृतलाल पाठक का संबंध किस प्रजामंडल आन्दोलन से मुख्यत: जुड़ा रहा ?

अ. बीकानेर प्रजामंडल

ब. प्रतापगढ़ प्रजामंडल

स. शाहपुरा प्रजामंडल

द. सिरोही प्रजामंडल

Ans. ब) 1945 ई. में| चुन्नीलाल व अमृतलाल पाठक द्वारा|
(राजस्थान बोर्ड की कक्षा 12 की पुस्तक के अनुसार 1936 ई.)

**23. 15 दिसम्बर 1945 को मीठालाल व्यास द्वारा जैसलमेर प्रजामंडल की स्थापना कहाँ की-**

अ. जैसलमेर

ब. जोधपुर

स. बाँसवाड़ा

द. बीकानेर

**Ans. ब) सागरमल गोपा के जेल में रहते हुए 15 दिसम्बर 1945 को मीठालाल व्यास द्वारा जोधपुर में जैसलमेर प्रजामंडल का गठन किया गया|**

**24. राजस्थान में राजनीतिक गतिविधियों के संचालन हेतु सर्वप्रथम किस राज्य में 1934 में प्रजामंडल की स्थापना की गई ?**

अ. जोधपुर
ब. कोटा
स. मेवाड़
द. अलवर

**Ans. अ) 1934 में इसकी स्थापना जयनारायण व्यास ने की तथा इसके अध्यक्ष भंवरलाल सर्राफ बने|**

25. बाँसवाड़ा प्रजामंडल की स्थापना की गई ?

अ. 1950

ब. 1945

स. 1938

द. 1943

Ans. द) भूपेंद्र त्रिवेदी व हरिदेव जोशी द्वारा|

26. मारवाड़ पब्लिक सोसाइटी ऑर्डिनेंस कब जारी किया गया ?

अ. 1938 ई.

ब. 1940 ई.

स. 1928 ई.

द. 1934 ई.

Ans. द)

27. 17 जुलाई 1946 को किस राज्य प्रजामंडल में "बीरबल दिवस" मनाया गया ?

अ. बीकानेर

ब. भरतपुर

स. जयपुर

द. उदयपुर

Ans. अ)

**28. नवम्बर 1941 ई. में मेवाड़ प्रजामंडल के प्रथम वार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ?**

अ. आचार्य कृपलानी

ब. विजयलक्ष्मी पंडित

स. माणिक्यलाल वर्मा

द. बलवंतसिंह मेहता

**Ans. अ) 24 अप्रैल 1938ई. में माणिक्यलाल वर्मा ने उदयपुर में मेवाड़ प्रजामंडल की स्थापना की| उसके अध्यक्ष बलवंतसिंह मेहता बने| नवम्बर 1941 को प्रथम अधिवेशन माणिक्यलाल वर्मा की अध्यक्षता में उदयपुर में हुआ|**

**29. भरतपुर प्रजामंडल निर्माण की घोषणा किस स्थान पर हुई थी ?**

अ. भुसावर

ब. रेवाड़ी

स. आगरा

द. बयाना

**Ans. ब) भरतपुर प्रजामंडल की स्थापना 4 मार्च 1938 को किशनलाल जोशी के प्रयासों से रेवाड़ी (हरियाणा) में की गई| जिसके अध्यक्ष गोपीलाल यादव बने थे|**

30. मेवाड़ प्रजामंडल का अस्थायी कार्यालय कहाँ स्थापित किया गया था ?

अ. अजमेर

ब. उदयपुर

स. जयपुर

द. अलवर

Ans. अ)

31. नाथद्वारा प्रजामंडल आन्दोलन में किसने सक्रिय भूमिका निभाई थी ?

अ. श्रीमती किरणदेवी

ब. श्रीमती राजबाला

स. श्रीमती दुर्गा देवी

द. श्रीमती गंगाबाई

**Ans. द)**

32. महिला नेता, जिसे भरतपुर राज्य द्वारा भरतपुर प्रजामंडल के पंजीयन की मांग करने के कारण जेल में डाल दिया गया था ?

अ. कमला देवी

ब. सुशीला त्रिपाठी

स. कोकिला देवी

द. विमला देवी

Ans. ब)

33. गोपीलाल यादव, ठाकुर देशराज एवं रेवतीशरण उपाध्याय राजस्थान के किस प्रजामंडल आन्दोलन से संबंधित थे ?

अ. बीकानेर

ब. बूंदी

स. अलवर

द. भरतपुर

Ans. द)

Website

YouTube

Instagram

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For AlL Exam's

सामान्य विज्ञान
500 - Questions
PDF डाउनलोड

राजस्थान सामान्य ज्ञान
Free - E-Book-1
For PTET-BSTC-RAS-LDC
पटवारी,वनरक्षक,ग्रामसेवक,कृषि पर्यवेक्षक

राजस्थान 360°

Install App :
Rajasthan 360

Wisit Website
www.rajasthanclasses.in